अमर उजाला

29.09.2018

'अंतः विषयक कार्यों को बढ़ावा देना होगा'

आईआईटी बीएचयू में माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग में माइनोवेशन-18 का शुभारंभ

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू के माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग के खनन सोसाइटी की ओर से तीन दिवसीय विभागीय उत्सव माइनोवेशन-18 का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने अकादमिक और उद्योग के संपर्क पर जोर दिया। कहा कि उद्योग के क्षेत्र से जुड़ी जानकारी देते रहने के लिए प्रोत्साहन और अंतः विषयक कार्यों को बढ़ावा देने की जरूरत है।

आईआईटी बीएचयू में माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग में माइनोवेशन-18 का शुभारंभ

विभाग में आयोजित कार्यक्रम में बीसीसीएल के सीएमडी एके सिंह ने अकादमिक -उद्योग संपर्क पर विभाग और संस्थान को हर संभव सहयोग की बात कही। सीएमपीडीआईएल के सीएमडी शेखर सरन ने छात्रों को उद्योग से जुड़ी जानकारी देते रहने पर जोर दिया। अहमदाबाद विश्वविद्यालय के उप कुलपति प्रो. पंकज चंद्र ने कहा कि छात्रों के बीच अंतः विषयक कार्य को बढ़ावा देने की जरूरत है। इस दौरान उद्योग में चल रही क्रांति की दिशा पर अपने विचार रखे।

एमेरिटस प्रो डीपी सिंह ने आईआईटी (बीएचयू) के उन पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने पर खुशी जाहिर की जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निदेशक प्रो. प्रमोद जैन ने रिसोर्स और डेवलपमेंट के साथ औद्योगिक सहयोग में छात्रों का मार्गदर्शन करते रहने की अपील की। इस दौरान शिवम सिंह, डॉ. राजेश राय आदि मौजूद रहे।